

फ्रांस में रैंप पर मॉडल।

## ब्रोकोली के बीज अंतरिक्ष में भेजे गए

वाशिंगटन , 29 मई (भाषा)।

वैज्ञानिकों ने स्वास्थ्य के लिए अच्छे बैक्टीरिया युक्त ब्रोकोली के बीज अंतरिक्ष में भेजे हैं ताकि अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष केंद्र और संभवत : एक दिन चंद्रमा और मंगल ग्रह पर अंतरिक्ष यात्रियों के लिए खुद की सब्जियां उगाने के तरीके का पता लगाया जा सकें।

# बेल्जियम में गोलीबारी में तीन की मौत

ब्रसेल्स, 29 मई (एएफपी)।

बेल्जियम के पूर्वी लीज शहर में एक बंदूकधारी ने दो पुलिसकर्मियों समेत तीन लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी। बाद में अधिकारियों ने उसे मार गिराया। अभियोजकों ने एएफपी को यह जानकारी दी। ब्रसेल्स के पूर्व में 90 किलोमीटर दूर शहर में एक हाई स्कूल के निकट स्थानीय समयानुसार सुबह लगभग साढ़े 10 बजे गोलीबारी हुई।

लीज अभियोजक कार्यालय की प्रवक्ता कैथरीन कोलिगनोन ने बताया कि हमलावर के उद्देश्य का तत्काल पता नहीं चल सका है। उन्होंने कहा, 'हम फिलहाल कुछ नहीं जानते हैं।' मीडिया रिपोर्टों के अनुसार बंदूकधारी ने एक कैफे में दो पुलिस अधिकारियों की गोली मारकर हत्या कर दी और इसके बाद वह लेयसी वाहा स्कूल भाग गया जहां उसने एक महिला सफाईकर्मी को बंधक बना लिया। अभियोजकों ने बताया कि इसके बाद पुलिस ने बंदूकधारी को मार गिराया। बेल्जियम के गृह मंत्री जेन जाम्बोन ने बताया कि बेल्जियम का संघीय आपदा केंद्र स्थिति पर नजर रखे हुए है।

उन्होंने ट्वीटर पर लिखा, 'हमारी संवेदनाएं पीड़ित परिवारों के साथ है। हम वास्तव में क्या हुआ इसके बारे में पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं।' केंद्र ने क्षेत्र के आसपास नाकेबंदी कर दी है और लोगों से वहां से दूर रहने का आग्रह किया है।

# परागवे में पहली बार बनेगी महिला राष्ट्रपति

असुन्सियन, 29 मई (एएफपी)।

परागवे के इतिहास में पहली बार एक महिला राष्ट्रपति बनेगी, भले ही अस्थायी तौर पर। ऐसा निवर्तमान नेता होरासियो कार्टस के निर्धारित समय से पहले इस्तीफा देने के कारण हो रहा है। कार्टर के इस्तीफे के बाद उप राष्ट्रपति एलिसिया पुचेता (68) उनका बचा शेष कार्यकाल पूरा करेंगी। इसके बाद 22 अप्रैल को हुए चुनाव में निर्वाचित मारियो अब्दो बेनिटेज 15 अगस्त को पांच साल के लिए इस देश के राष्ट्रपति बनेंगे।

संसद ने कार्टर के इस्तीफे और एलिसिया पुचेता के अंतरिम राष्ट्रपति बनने की पुष्टि है। गर्भपात को वैध बनाने का विरोध करने वाली एलिसिया दक्षिणपंथी कोलोराडो पार्टी से ताल्लुक रखती हैं जो दशकों से असुन्सियन में सत्तारूढ़ है। परागवे में 45 में से केवल आठ महिला सीनेटर हैं और निचले सदन में 80 सदस्यों में से केवल 11 महिलाए हैं।



मंगलवार को जर्मनी की चांसलर एंजिला मरकेल और तुर्की के विदेश मंत्री मेवलुत कावुसोग्लु 25 साल पहले हुए नव-नाजी हमले में पांच तुर्कों के मारे जाने की बरसी मनाने का फैसला लिया है।

# बांग्लादेश में 'मादक पदार्थ के खिलाफ जंग' के दौरान सौ से ज्यादा लोग मारे गए

ढाका , 29 मई (भाषा)।

बांग्लादेश की कानून प्रवर्तन एजंसियों द्वारा बीती रात की गई छापेमारी में 12 और कथित मादक पदार्थ तस्कर मारे गए। इस प्रकार नशीली दवाओं के खिलाफ जंग में बीते एक पखवाड़े में मादक पदार्थ कारोबार के खिलाफ राष्ट्रव्यापी अभियान में अब तक मारे गए लोगों की कुल संख्या 105 पहुंच गई है। पुलिस ने मंगलवार यह जानकारी दी।

एक प्रमुख अपराध रोधी इकाई 'रैपिड एक्शन बटालियन' (आरएबी) और पुलिस के अभियान में कथित मादक पदार्थ तस्करों की मौत की मानवाधिकार संगठन कार्यकर्ताओं ने कड़ी आलोचना की है और विदेशी राजनयिकों ने न्यायेतर हत्याओं पर चिंता जताई है।

आरएबी और पुलिस के बीती रात से मंगलवार सुबह तक चले अभियान में 12 लोगों की मौत हुई। यह अभियान बांग्लादेशी की राजधानी सहित नौ प्रशासनिक जिलों में चलाया गया था। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने 15 मई को मादक पदार्थ के खिलाफ आक्रामक युद्ध की घोषणा की थी। देश में 'याबा' नाम की नशे की गोली का कारोबार हाल के समय में तेजी से बढ़ा है। सस्ती आने वाली इस गोली में मेथामफीटामाइन और कैफीन का मिश्रण है।

ज्यादातर मामलों में मादक पदार्थ के कथित तस्करों के शव छापों के बाद सड़क किनारे गड्ढों से मिले हैं। कानून प्रवर्तन एजंसियों का दावा है कि कुछ मौतें मादक पदार्थ तस्करों की आंतरिक झड़पों का नतीजा है।

# नव-नाजी हमले की बरसी पर जुटेंगे जर्मनी और तुर्की के राजनेता

बर्लिन, 29 मई (एएफपी)।

तुर्की में चुनाव से पहले उत्पन्न तनाव के बीच जर्मनी ने 25 साल पहले हुए नव - नाजी हमले में पांच तुर्कों के मारे जाने की बरसी मनाने का फैसला लिया है। जर्मनी की चांसलर एंजिला मरकेल, तुर्की के विदेश मंत्री मेवलुत कावुसोग्लु और मेवलुदे गेन्क (75) इस कार्यक्रम में शामिल होंगे।

1993 में हुए इस नव-नाजी हमले के दौरान सोलिंगेन में एक मकान जला दिया गया था। इस मकान में गेन्क की दो बेटियां, दो पोतियां और भांजी जीवित जल गए थे। परिवार के पांच लोगों को खोने के बावजूद गेन्क ने अपने मन में किसी के प्रति दुर्भावना नहीं रखी और नस्लों के बीच मेल-जोल को आगे बढ़ाया। इसके लिए बाद में उन्हें जर्मनी के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से नवाजा गया। राष्ट्रपति फ्रैंक-वाल्टर स्टेनमियर ने गेन्क से पिछले सप्ताह मुलाकात करने के बाद उनकी काफी तारीफ की थी।


## ईस्ट बिल्डटेक लिमिटेड

CIN: L74999DL1984PLC018610

पंजी. कार्यालयः डी-3/2, ओखला औद्योगिक क्षेत्र, फेज-II, नई दिल्ली-110020

फोनः 011-47105100, ई-मेलः Secretarial@ebl.co.in, वेबसाईटः www.ebl.co.in

31 मार्च, 2018 को समाप्त तिमाही तथा वर्ष के लिए अंकेक्षित वित्तीय परिणामों का सारांश

(रुपए लाखों में)

| क्रम सं. | विवरण | समाप्त तिमाही के लिए 31.3.2018 अंकेक्षित | पूर्व वर्ष की तत्स्थानीय तिमाही 31.3.2017 अंकेक्षित | समाप्त छमाही के लिये 31.3.2018 अंकेक्षित |
|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रचालनों से कुल आय (शुद्ध) | 8.08 | 51.58 | 116.33 |
| 2 | असाधारण मद एवं कर से पूर्व लाभ/(हानि) | (2.72) | 13.74 | 64.46 |
| 3 | कर के बाद अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण मदों के बाद) | (2.72) | 13.74 | 64.46 |
| 4 | कुल व्यापक आय | (0.27) | 4.29 | (0.32) |
| 5 | इक्विटी शेयर पूंजी | 190.76 | 190.76 | 190.76 |
| 6 | आय प्रति शेयर (ईपीएस) (असाधारण मदों के बाद) (रु. 10/- प्रति का) (वार्षिकीकृत नहीं) | | | |
| | क) मूल | (0.13) | 0.53 | 2.44 |
| | ख) तरल | (0.13) | 0.53 | 2.44 |

टिप्पणी:-

1. वित्तीय परिणामों के उपरोक्त विवरणों को 29.5.2018 को आयोजित उनकी बैठक में निदेशक मंडल द्वारा अभिलेख में लिए गए।
2. कंपनी ने 01 अप्रैल, 2017 से उसके अंतर्गत जारी संबंधित नियमावली के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 133 के अंतर्गत निर्दिष्ट भारतीय लेखा मानक (इंड एएस) अपनाई है एवं तदनुसार, उन स्टैंड एलॉन अनंकेक्षित वित्तीय परिणामों (31 मार्च, 2017 को समाप्त तिमाही तथा वर्ष के आंकड़े सहित) को इंड एएस 34 "अंतरिम वित्तीय रिपोर्टिंग" में निर्दिष्ट पहचान तथा मापन के सिद्धांतों तथा भारत में सामान्य रूप से स्वीकृत अन्य लेखा सिद्धांतों के अनुसार तैयार किया गया है।
3. 31 मार्च, 2017 को समाप्त तिमाही तथा वर्ष के स्टैंड एलॉन वित्तीय परिणामों तथा अन्य वित्तीय जानकारी की सांविधिक लेखा परीक्षकों द्वारा ऑडिट अथवा समीक्षा नहीं की गई है। लेकिन, यह सुनिश्चित करने के लिए प्रबंधन ने ड्यू डिलिजेंस किया है कि स्टैंड एलॉन अनंकेक्षित वित्तीय वित्तीय परिणाम कंपनी के क्रियाकलापों की सच्ची और सही छवि प्रस्तुत करें।
4. उसे सेबी के सर्क्युलर तिथि 5 जुलाई, 2016 की अपेक्षाओं तथा इंड-एएस की अपेक्षाओं के अनुरूप बनाने के लिए जहां भी जरूरी हुआ, सेबी सर्क्युलर CIR/CFD/CMD/15/2015 तिथि 30 नवम्बर, 2015 में निर्दिष्ट तिमाही परिणामों के प्रारूप को संशोधित किये गये हैं।
5. 31 मार्च, 2018 को समाप्त वर्ष के वित्तीय विवरणों के संदर्भ में सांविधिक अंकेक्षकों ने अन्क्वालिफायड ऑडिट रिपोर्ट जारी किया है।

ईस्ट बिल्डटेक लिमिटेड के लिए
हस्ता./-
मधुसूदन चोखानी
प्रबंध निदेशक
DIN: 00307234

स्थानः नई दिल्ली
तिथिः 29.05.2018


# खराब मौसम की रिपोर्टिंग करने गए दो पत्रकारों की पेड़ गिरने से मौत

ट्रायोन (अमेरिका), 29 (एपी)।

अलबर्टो तूफान की वजह से खराब हुए मौसम की रिपोर्टिंग कर रहे दो पत्रकारों की पेड़ गिरने से मौत हो गई। उत्तरी कैरोलीना के गवर्नर ने राज्य के लोगों से तूफान की वजह से हो रही बारिश और भूस्खलन से बचने के लिए ऐहतियाती कदम उठाने की अपील की है। टेलिविजन न्यूज एंकर और उनके सहयोगी फोटो पत्रकार सोमवार को उत्तरी कैरोलीना में हुए भूस्खलन की रिपोर्टिंग करने गए थे और रास्ते में पेड़ गिरने से उनकी मौत हो गई।

# विटामिन और मिनरल की गोलियों से कोई स्वास्थ्य लाभ नहीं : अध्ययन

टोरंटो, 29 मई (भाषा)।

एक अध्ययन में सामने आया है कि विटामिन और मिनरल की गोलियों से सेहत में कोई खास फायदा नहीं होता है। अध्ययन के अनुसार आमतौर पर खाने में मिलने वाले पोषक तत्वों की भरपाई के लिए लोग विटामिन और मिनरल की गोलियां लेते हैं जिससे सेहत में कोई खास फायदा नहीं होता है। हालांकि इससे कोई नुकसान भी नहीं होता है।

कनाडा में सेंट माइकल अस्पताल और टोरंटो विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने एक अध्ययन में पाया कि पूरक आहार के तौर पर मल्टीविटामिन, विटामिन डी, कैल्शियम और विटामिन सी सबसे अधिक लिया जाता है। इससे कोई लाभ नहीं मिलता। हालांकि इससे किसी तरह का कोई खतरा भी नहीं होता है।

जर्नल ऑफ द अमेरिकन कॉलेज ऑफ कार्डियोलॉजी में प्रकाशित इस अध्ययन से जुड़े प्रमुख शोधकर्ता डेविड जेनकिन्स ने कहा, 'हम यह देखकर आश्चर्यचकित थे कि लोग आमतौर पर जो पूरक आहार लेते हैं, उसके बहुत ही कम सकारात्मक प्रभाव देखने को मिलते हैं।' जेनकिन्स ने बताया, 'हमारे अध्ययन में यह पाया गया कि अगर आप मल्टीविटामिन, विटामिन डी, कैल्शियम या विटामिन सी लेते हैं तो यह नुकसानदेह नहीं है। हालांकि इसका कोई स्पष्ट फायदा भी नजर नहीं आता है।'

## शरणार्थी खाली पड़े अफ्रिन शहर में ले रहे शरण

अफ्रिन, 29 मई (एएफपी)।

सीरिया के पूर्वी घोउटा से अपना घर छोड़ने को मजबूर हुई उमैमा अल - शेख और उनके परिवार ने अफ्रिन शहर में शरण ली है।

अफ्रिन में पारंपरिक रूप से कुर्द लोग रहते हैं लेकिन तुर्की के नेतृत्व में यहां चले आक्रामक सैन्य अभियान से कुछ सप्ताह पहले यहां के लोग शहर छोड़ने को मजबूर हो गए थे। शेख ने बताया, 'कोई भी दूसरों के घर में रहना और दूसरों का सामान इस्तेमाल नहीं करना चाहता।' उत्तरी सीरिया में विद्रोहियों के कब्जे वाले क्षेत्र में किसी अन्य जगह रहने के बाद 25 वर्षीय उमैमा अपने पति फिरास और दो बच्चों के साथ एक महीने पहले ही अफ्रिन आई हैं। उन्होंने कहा, 'हमने जो घर छोड़ा है , उसका इस्तेमाल अन्य लोग कर रहे हैं। हम किसी और के घर में रह रहे हैं। सीरिया के हर इलाके की यही कहानी है।' सीरिया में 2011 में संघर्ष शुरू होने के बाद से अब तक वहां की आधी आबादी विस्थापित हो चुकी है। करीब 50 लाख लोग देश के बाहर चले गए हैं और अन्य 60 लाख लोग देश के भीतर ही एक स्थान से दूसरे स्थान चले गए हैं।


## सूरज इण्डस्ट्रीज़ लि.

CIN: L26943HP1992PLC016791

पंजी. कार्या.: प्लॉट नं. 2, पफेज़ III, संसारपुर टैरेस, कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश-173212

ई-मेलः secretarial@surajindustries.org; वेबसाइटः www.surajindustries.org

ऑडिटेड स्टैण्डअलोन वित्तीय परिणामों का सार तिमाही और लेखा वर्ष अन्त मार्च 31,2018

(रू. लाखों में)

| क्र. सं. | विवरण | 31-03-2018 को समाप्त तिमाही (अंकेक्षित) | 31-03-2017 को समाप्त तिमाही (अंकेक्षित) | 31-03-2018 को लेखा वर्ष समाप्ति (अंकेक्षित) | 31-03-2017 को लेखा वर्ष समाप्ति (अंकेक्षित) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | परिचालनों से कुल आय (शुद्ध) | 3.16 | 0.00 | 3.16 | 0.00 |
| 2. | सामान्य संचालनों से शुद्ध लाभ/(हानि) (कर पूर्व, असाधारण और/या असाधारण मदें) | (3.35) | (9.98) | (12.29) | (15.01) |
| 3. | कर पूर्व शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/या असाधारण मदों के पश्चातः) | (3.35) | (9.98) | (12.29) | (15.01) |
| 4. | अवधि के लिए कर पश्चात शुद्ध लाभ/(हानि) | (3.35) | (9.98) | (12.29) | (15.01) |
| 5. | इक्विटी शेयर पूंजी (अंकित मूल्य 10/-रू प्रत्येक) | 728.60 | 734.30 | 728.60 | 734.30 |
| 6. | रिजर्व (गत वर्ष के तुलन पत्र में दर्शाए गए अनुसार पुनर्मूल्यांकित रिजर्व को छोड़कर) | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 7. | अर्जन प्रति शेयर (असाधारण मदों से पश्चात) (प्रत्येक 10/-रु) (जारी और बंद संचालनों के लिए) (क) बेसिक (ख) डायल्यूटेड (*) गैर वार्षिक | (0.05)* | (0.13)* | (0.17) | (0.20) |

टिप्पणीः 1. उपर्युक्त परिणाम लेखा परीक्षा समिति द्वारा और इसके बाद निदेषक मंडल द्वारा 29 मई, 2018 को आयोजित उनकी बैठकों में अपनाया गया था।
2. सेबी (सूचीबद्ध एवं अन्य उद्घोषणा अनिवार्यताएं) विनियमन 2015 के विनियमन 33 के अंतर्गत उपरोक्त विनियमन के तहत बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज के साथ दायर तिमाही वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक निकास है। तिमाही/वार्षिक परिणामों का पूरा फार्मेट स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाईट (www.bseindia.com) पर उपलब्ध है।

बोर्ड की आज्ञानुसार
वास्ते सूरज इण्डस्ट्रीज लि०
हस्ता/-
एस.ए. रहमान, निदेशक

स्थानः नई दिल्ली
दिनांकः 29 मई, 2018


# गिलगित-बल्तिस्तान आदेश पर चीन चुप

बेजिंग, 29 मई (भाषा)।

चीन ने गिलगित-बल्तिस्तान पर प्रशासनिक नियंत्रण से संबंधित पाकिस्तान के ताजा आदेश पर कोई प्रत्यक्ष टिप्पणी करने से मंगलवार को परहेज किया लेकिन कहा कि विवादित क्षेत्र से गुजरने वाले सीपीईसी से उसका यह रुख प्रभावित नहीं होगा कि कश्मीर मुद्दे का समाधान भारत और पाकिस्तान के बीच होना चाहिए। पाकिस्तान की कैबिनेट ने 21 मई को गिलगित-बल्तिस्तान संबंधी आदेश को मंजूरी प्रदान की थी। क्षेत्र की विधानसभा ने भी इसका समर्थन किया है। कहा जा रहा है कि पाकिस्तान का यह आदेश विवादित क्षेत्र को अपने पांचवें प्रांत के रूप में शामिल करने का प्रयास है।

पाकिस्तान के इस कदम से क्षेत्र में रोष और नाराजगी है। भारत ने इस पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है और कहा कि पूरा जम्मू कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है और गिलगित-बल्तिस्तान उसी प्रांत का हिस्सा है। चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता हुआ चुनियंग ने संवाददाताओं से कहा कि कश्मीर मुद्दा भारत और पाकिस्तान के बीच 'ऐतिहासिक समस्या' है और इसलिए इसका दोनों देशों के द्वारा ही बातचीत के जरिए हल किया जाना चाहिए।

पाकिस्तान के हालिया कदम के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि बेजिंग का यह रुख है कि कश्मीर मुद्दे का हल दोनों देशों के बीच होना चाहिए और गिलगित व बाल्तिस्तान से गुजरने वाले 50 अरब डॉलर के चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीईपीसी) से उसका यह रुख प्रभावित नहीं होगा। उन्होंने कहा कि हमने कई बार जोर दिया है कि सीपीईसी आर्थिक सहयोग के लिए एक पहल है।

# उड्डयन इतिहास की पहेली है लापता विमान एमएच 370

कुआलालंपुर, 29 मई (एएफपी)।

- विमान की तलाश के लिए चल रहा अभियान आने वाले दिनों में समाप्त होगा
- विमान में सवार थे 239 यात्री
- मलेशिया एअरलाइन का विमान मार्च 2014 में कुआलालंपुर से बेजिंग जाने के दौरान बीच रास्ते से लापता हो गया था। विमान में सवार ज्यादातर यात्री चीन से थे।
- ऑस्ट्रेलिया के नेतृत्व में चलाए गए तलाश अभियान में विमान का कोई अवशेष नहीं मिला था। यह उड्डयन इतिहास में सबसे बड़ा तलाश अभियान था। इसे पिछले साल जनवरी में निलंबित कर दिया गया था।
- टेक्सास की कंपनी ओशन इनफिनिटी ने मंगलवार को एक बयान में कहा, 'उड़ान संख्या एमएच 370 के मलबे की तलाश के लिए चल रहा अभियान जल्द समाप्त होने वाला है।'

मलेशिया एयरलाइन की लापता हुई उड़ान एमएच 370 का अब तक कुछ अता-पता नहीं चला है। उसे आसमान निगल गया या समुद्र, कोई नहीं जानता। एक अमेरिकी कंपनी का कहना है कि निजी तलाश अगले कुछ दिनों में समाप्त हो जाएगी। तकरीबन चार साल पहले विमान के लापता होने की घटना दुनिया के उड्डयन इतिहास की सबसे बड़ी पहेली बन गई।

मलेशिया एअरलाइन का विमान मार्च 2014 में कुआलालंपुर से बेजिंग जाने के दौरान बीच रास्ते से लापता हो गया था। उसमें 239 लोग सवार थे। विमान में सवार ज्यादातर यात्री चीन से थे।ऑस्ट्रेलिया के नेतृत्व में चलाए गए तलाश अभियान में विमान का कोई अवशेष नहीं मिला था। यह उड्डयन इतिहास में सबसे बड़ा तलाशी अभियान था। इसे पिछले साल जनवरी में निलंबित कर दिया गया था।

पीड़ित परिवारों की ओर से दबाव के बाद मलेशिया की पिछली सरकार ने अमेरिकी फर्म 'ओशन इनफिनिटी' के साथ जनवरी में तलाशी अभियान फिर से शुरू करने के लिए समझौता किया था। कंपनी के साथ यह समझौता हुआ था कि अगर बोइंग 777 विमान का मलबा या उसका ब्लैक बॉक्स बरामद हुआ तभी उसे धन का भुगतान किया जाएगा।

विमान का मलबा या ब्लैक बॉक्स बरामद करने पर कंपनी को सात करोड़ डॉलर मिलते लेकिन उसे एअरलाइन का कोई निशान नहीं मिला। उसने विमान की तलाश के लिए दुनिया के सर्वाधिक हाई-टेक उपकरणों का भी सहारा लिया लेकिन नतीजा सिफर रहा।

तलाशी अभियान आधिकारिक तौर पर अप्रैल में समाप्त होने वाला था, लेकिन इसकी अवधि बढ़ा दी गई थी। महाथिर मोहम्मद के नेतृत्व वाली, मलेशिया की नई सरकार ने पिछले सप्ताह तलाश अभियान को समाप्त किए जाने की घोषणा की। टेक्सास की कंपनी ओशन इनफिनिटी ने मंगलवार को एक बयान में कहा, 'उड़ान संख्या एमएच 370 के मलबे की तलाश के लिए चल रहा अभियान जल्द समाप्त होने वाला है।' प्रवक्ता ने कहा कि तलाश अभियान आने वाले दिनों में समाप्त होगा। हालांकि, उन्होंने इसके लिए कोई पक्की तारीख नहीं बताई।


## TRIDEV INFRAESTATES LIMITED

(Formerly Ashutosh Paper Mills Limited)

269 G/F Triveni Apartment Swayam Sewa CGHS Limited Jhilmil Colony Delhi East Delhi DL 110095

CIN: L21012DL1988PLC033812, EMAIL- ashutoshpapermills@gmail.com

STATEMENT OF STANDALONE AUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER/ YEAR ENDED 31ST MARCH,2018

(₹ in Lakhs)

| S. No. | Particulars | Quarter ended Mar'18 (Audited) | Quarter ended Mar'17 (Unaudited) | "Year ended Mar'18 (Audited)" | Year ended Mar'17 (Audited) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Total Income from Operations | 993.72 | 16.00 | 1,013.57 | 22.93 |
| 2. | Net Profit / (Loss) from ordinary before exceptional items and tax | 0.11 | 11.40 | 3.70 | 0.94 |
| 3. | Net Profit / (Loss) before tax | 0.11 | 11.40 | 3.70 | 0.94 |
| 4. | Net Profit/( Loss) for the period after tax | 0.24 | 11.40 | 2.74 | 0.65 |
| 5. | Total Comprehensive income for the period (Comprising Profit/ (Loss) and other Comprehensive Income for the period) | 0.24 | 11.40 | 2.74 | 0.65 |
| 6. | Equity share Capital | 652.54 | 652.54 | 652.54 | 652.54 |
| 7. | Reserves (excluding Revaluation Reserve) as shown in the Audited Balance Sheet of the previous year | | | (187.92) | (190.66) |
| 8. | Earning Per share ( Face Value of Rs. 10/- each ) | | | | |
| a | Basic | 0.0000 | 0.1750 | 0.0420 | 0.0100 |
| b | Diluted | 0.0000 | 0.1750 | 0.0420 | 0.0100 |

Notes:
The above is an extract of the detailed format of the financial results for the Quarter / Year ended 31st March,2018 , filed with the Stock Exchanges. The full format of the financial results for the Quarter / Year ended 31st March,2018 , is available on the website of the Stock Exchange www.bseindia.com and on Company's website www.ashutoshpapermills.com

For TRIDEV INFRAESTATES LIMITED
SD/-
Director

Place : New Delhi
Dated: May 28, 2018